भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3145
उत्तर देने की तारीख-20/03/2023

कर्नाटक में नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना

†3145. **श्री जी.एम. सिद्देश्वरः**
क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कर्नाटक सरकार ने राज्य भर में नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) खोलने का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थिति सहित ब्यौरा क्या है;
(ग) कर्नाटक में नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) की स्थापना की जिला-वार स्थिति क्या है; और
(घ) अब तक किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है और इस परियोजना को पूरा करने में लगने वाले समय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (घ): नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरणीय केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जा सकता है, जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता हो। ये प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केवि राज्य-वार, जिला/क्षेत्र-वार और स्थानीय मानदंडों के आधार पर नहीं खोले जाते हैं। वर्तमान में, कर्नाटक राज्य में 52 केवि कार्यात्मक हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त सूचना के अनुसार, यादगीर (यादगीर), तेवरचटनहल्ली (द्वितीय केवि) (शिवमोग्गा), कसाबाहोबली (चित्रदुर्ग), इलारागी (डी) (रायचूर), सासिवेगारा (रायचूर), अरकेरा (रायचूर), गडग (गडग), कोकथानूर (बेलगावी), कल्लोली (बेलगावी) और कोराडाकेरे (कोप्पल) में नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 10 प्रस्ताव कर्नाटक राज्य सरकार से प्राप्त हुए हैं। नए केवि की स्थापना के ये प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

*****